# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अक्टूबर 2022




नगर पालिक निगम भिलाई

# मोबाइल छोड़ छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के खेलों में आजमा रहे हाथ, खेल को लेकर महिलाओं में भी गजब की रूचि

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आज तीसरा दिन रहा। मोबाइल की आदतों को छोड़कर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में सभी अपने दो-दो हाथ आजमा रहे हैं और अपने बचपन को याद कर रहे हैं। 14 प्रकार के छत्तीसगढ़िया खेल जिसमें पिट्टुल, गिल्ली डंडा, संखली, लंगडी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, बाटी (कंचा), बिल्लस, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद का खेल शामिल है का लोग खेल मैदानों में पहुंचकर और खेलकर खूब आनंद ले रहे हैं। दिनांक 9 अक्टूबर 2022 दिन रविवार को राधिका नगर स्लॉटर हाउस मैदान, शांति नगर दशहरा मैदान, जेपी नगर स्कूल बैकुंठधाम पानी टंकी के पास तथा सेक्टर 9 फुटबॉल ग्राउंड में खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में महापौर नीरज पाल की पहल तथा निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई के विभिन्न मैदानों में खेल के आयोजन हो रहे हैं। छत्तीसगढ़िया पारंपरिक खेल में बच्चे, युवा, महिलाएं सभी वर्ग के लोग शामिल होकर खेल का लुफ्त उठा रहे हैं। खेल खेलने के लिए खेल मैदान पर ही ऑन द स्पॉट पंजीयन कराया जा सकता है साथ ही जोन कार्यालय में भी पंजीयन कराया जा सकता है। नगर पालिक निगम भिलाई की अपील है कि खेल में भाग लेने के लिए मैदानों में पहुंच कर अधिक से अधिक अपना पंजीयन कराएं और छत्तीसगढ़िया पारंपरिक खेलों का उसी समय से आनंद ले।



# शहीद पार्क में बनेगा प्रदेश का पहला ऑक्सीरिडिंग जोन

भिलाई नगर/ भिलाई में प्रदेश का पहला ऑक्सी रीडिंग जोन तैयार होने वाला है, छात्र-छात्राओं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वालों के लिए यह एक सुखद खबर है, यही नहीं इसके साथ ही चिल्ड्रन रीडिंग जोन, इनफॉरमल रीडिंग एरिया, स्टाफ रूम, बुक ड्रॉप एवं सिक्योरिटी एरिया, कॉन्फ्रेंस एवं मीटिंग रूम, ई लाइब्रेरी, न्यूज पेपर व मैगजीन स्टैंड आदि की सुविधा भी इसमें मौजूद होगी। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने इसकी अधोसंरचना और प्रदाय होने वाली सुविधाओं को लेकर निगम तथा बीएसपी के अधिकारियों के साथ स्पॉट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भिलाई में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चे छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्रों से भिलाई पहुंचते हैं, पढ़ाई के लिए अच्छे कंटेंट की आवश्यकता होती है, भिलाई एजुकेशन हब के नाम से जाना जाता है ऐसे में पब्लिक लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मददगार साबित होगी। गौरतलब है कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा इसकी घोषणा गई थी, जिस पर त्वरित अमल किया जा रहा है और शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। प्रदेश में यूनिक तरह से बनने वाले ऑक्सीरिडिंग जोन में पढ़ाई के लिए अनुकुल माहौल मिलेगा जहां शहर के साथ ही अन्य जिले तथा प्रदेश के बाहर से आकर भिलाई में रहकर पढ़ाई करने वालों के लिए बेहद कारगार साबित होगा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी जोन आयुक्त जोन क्रमांक 5 एनआर रत्नेश, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे एवं बीएसपी के अधिकारी मौजूद रहे।



# किराएदारी के माध्यम से निवास कर रहे व्यक्तियों के लिए आवास पाने का अच्छा मौका, अब 31 अक्टूबर तक प्राप्त कर सकते हैं आवेदन

भिलाई नगर/ किराएदारी में निवासरत व्यक्तियों के लिए आवास पाने का अच्छा मौका मिल रहा है, आवेदन प्राप्त करने की तिथि में बढ़ोतरी की गई है तथा 31 अक्टूबर 2022 तक आवेदन प्राप्त किया जा सकता है इसके साथ ही आवेदन जमा करने की तिथि अब 11 नवंबर 2022 हो गई है, इसके निर्देश आयुक्त रोहित व्यास ने दिए हैं। फार्म लेने के लिए दिनांक 31 अक्टूबर तक की तिथि नियत की गई है तथा आवेदन जमा करने के लिए 11 नवंबर तक की तिथि निर्धारित है। यही नहीं निगम मुख्य कार्यालय में हितग्राहियों की सुविधाओं के लिए तथा अधिक से अधिक जानकारी देने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है कंट्रोल रूम का नंबर 07882296213 है, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस की जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है। आवास प्राप्त करने के लिए यह है जरूरी मोर मकान मोर आस के योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में दिनांक 31 अगस्त 2015 से पूर्व का निवासरत होना जरूरी है। इसके लिए मतदाता सूची अथवा किरायानामा अथवा निवास प्रमाण पत्र अथवा अन्य शासकीय दस्तावेज अथवा वर्ष 2011 की जनगणना सूची में नाम होना आवश्यक है। आवेदक के पूरे परिवार की वार्षिक आय राशि 3.00 लाख से कम होनी चाहिए। देश में किसी भी स्थान पर पक्का आवास नहीं होना चाहिए तथा आवेदक को प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।



# शहर हित के लिए तैयार किए जा रहे बड़े प्रोजेक्ट पर महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने की समीक्षा

भिलाई नगर/ शहर हित में होने वाले बड़े प्रोजेक्ट तैयार किए जा रहे हैं तथा कई प्रोजेक्ट तैयार हो चुके हैं, जिनमें से बहुत से बड़े कार्य की विभागीय प्रक्रिया तीव्र गति से हो रही है। आज इन्हीं प्रोजेक्ट जिसमें 15 वे वित्त आयोग तथा परियोजना से संबंधित कार्य की शामिल है की विभागीय समीक्षा महापौर नीरज पाल और निगमायुक्त रोहित व्यास ने संयुक्त रूप से की। आज की संयुक्त बैठक में महापौर एवं आयुक्त ने 15 वे वित्त आयोग एवं परियोजना से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए शीघ्र विभागीय प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर एवं निगम आयुक्त ने बैठक में कहा कि भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़क जिनमें मरम्मत एवं संधारण की आवश्यकता है, इनके संधारण एवं मरम्मत के लिए शीघ्र अति शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर विभागीय प्रक्रिया पूर्ण करें। जो कार्य अप्रारंभ है उन्हें प्रारंभ करने प्रगतिरत कार्यों में तेजी लाने के साथ ही कार्य को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने बैठक में निर्देशित किया गया।



## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का दूसरा चरण प्रारंभ, हर स्तर को लेकर खिलाड़ी उत्साहित

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का दूसरे चरण का आज प्रथम दिन रहा। मोबाइल की आदतों को छोड़कर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में सभी अपने दो-दो हाथ आजमा रहे हैं और अपने बचपन को याद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में महापौर नीरज पाल की पहल तथा निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई के विभिन्न मैदानों में खेल के आयोजन हो रहे हैं। छत्तीसगढ़िया पारंपरिक खेल में बच्चे, युवा, महिलाएं सभी वर्ग के लोग शामिल होकर खेल का लुफ्त उठा रहे हैं। आज अधिकारियों ने खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर खिलाड़ियों का परिचय लिया तथा खिलाड़ियों को खेल के नियमों को बताते हुए खेल प्रारंभ कराया।



## आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान निरंतर जारी, मवेशियों को पकड़ने काऊ कैचर लेकर निकल रही टीम

भिलाईनगर / रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने भिलाई निगम की टीम शहर में अपने संसाधनों के साथ घुमती रही, जहां भी आवारा मवेशी नजर आये उन्हें काऊ केचर वाहन में डालकर सीधे गौठान में छोड़ दिया गया। निगम की टीम दो काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंच रही है, एक काऊ केचर में 10 - 12 पशुओ को रखा जा सकता है जैसे ही यह पूरा हो जाता है इसे गौठान की ओर रवाना कर दिया जाता है जिसके बाद दूसरे काऊ केचर का इस्तेमाल किया जाता है, इस प्रकार से पशुओं को पकड़ने का कार्य निरंतर चलते रहता है, निगम ने कई महीनो से आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चला रखा है तथा मवेशियों को खुले में छोड़ने वाले पशु मालिकों को खुले में नहीं छोड़ने की चेतावनी दी जा रही है।



नगर पालिक निगम भिलाई

# गोधन न्याय केंद्रों में तैयार हो रहे हैं गोबर से निर्मित दीए

भिलाई नगर/ गोधन निर्मित दीया अब भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत गोधन न्याय केंद्र एवं गौठान में तैयार हो रहे हैं। महिलाएं दीया बनाने में जुट गई है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गोधन निर्मित दीया अपने प्रकाश से शहर के घरों को रौशन करेगा। महिलाओं के पास अभी से दीया के लिए ऑर्डर आने लगे हैं और बिक्री भी होने लगी है। दीया की डिमांड इतनी है कि हाथों-हाथ बिक्री हो रही है। शहरी गौठान में जीवन ज्योति और शिव शक्ति महिला समूह के द्वारा दीया निर्माण का कार्य किया जा रहा है। यह समूह मिलकर दीया का निर्माण कर रही है। गोधन से निर्मित डेकोरेटिव दीए भी तैयार किए जा रहे हैं। अपने आकर्षक रंगों, क्वालिटी एवं स्थानीयता की वजह से गोधन निर्मित दीया की मांग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। यह दीया पूर्ण रूप से इको फ्रेंडली है जिसे एक बार उपयोग करने के पश्चात खाद के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व के त्यौहार को देखते हुए गोधन निर्मित दीया का निर्माण किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने गोधन निर्मित दीया की गुणवत्ता बरकरार रखने स्व सहायता समूह की महिलाओं को निर्देशित किया है तथा गोधन निर्मित दीया अपनाने की अपील भी की है।



# शहर सौंदर्यीकरण को लेकर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने किया निरीक्षण

भिलाई नगर / शहर सौंदर्यीकरण को लेकर आज निगम आयुक्त रोहित व्यास ने कई स्थानों का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने प्रमुख चौक-चौराहो में पहुंचकर कार्य की प्रगति भी देखी, नेहरू नगर चौंक में सौदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए चौंक में लैण्डस्केपिंग का कार्य करते हुए कारपेट घॉस एवं आर्कषक दिखने वाले पौधे लगाये गये है, वही इन चौराहो के खंभो की पेटिंग की गई है। लाईटिंग की व्यवस्था भी की जा रही है, यह चौंक अब पहले से सुन्दर नगर आयेगा। हजारो लोग प्रतिदिन इस चौराहे से गुजरते है, पहले इस चौराहे के खंभो में अवैध पोस्टर चिपके हुए मिलते थे। जिसे निगम ने हटाकर सौंदर्यीकरण का काम किया है। जिसके लिए चौंक में लैण्डस्केपिंग का कार्य करते हुए कारपेट घॉस एवं आर्कषक दिखने वाले पौधे लगाये गये है, वही इन चौराहो के खंभो की पेटिंग की गई है। लाईटिंग की व्यवस्था भी की जा रही है, यह चौंक अब पहले से सुन्दर नगर आयेगा। हजारो लोग प्रतिदिन इस चौराहे से गुजरते है, पहले इस चौराहे के खंभो में अवैध पोस्टर चिपके हुए मिलते थे। जिसे निगम ने हटाकर सौंदर्यीकरण का काम किया है। उन्होने अपनी महापौर निधि से शहर सौंदर्यीकरण के कई कार्य कराने की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके चलते शहर के कई प्रमुख मार्ग अलग ही स्वरूप में नजर आयेंगे, सौंदर्यीकरण को लेकर इसकी विभागीय प्रक्रिया भी जल्दी पूरी की जा रही है।



# भिलाई के कई प्रमुख स्थानों में बनेगा वातानुकूलित बस स्टॉप

भिलाई नगर/ आज महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में कई महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति महापौर परिषद ने दी है और कई महत्वपूर्ण विषयों को अंजाम देने चर्चा की है। सी के तहत भिलाई में वातानुकूलित बस स्टॉप बनाया जायेगा जो कि सर्वसुविधा युक्त होगा। इसके लिए प्राइवेट एजेंसी को निगम केवल स्थान देगा और पूरा काम एजेंसी विज्ञापन बोर्ड आदि लगाने के एवज में करेगी। नेशनल हाईवे के किनारे के स्थल को प्राथमिकता देते हुए स्थान का चयन किया जा रहा है। इससे हुडको क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। हुडको का यह मैदान प्रवेश करते ही दिख जाता है अब इस मैदान का शीघ्र ही कायाकल्प होगा तथा मैदान एक अलग स्वरूप में नजर आएगा, जिससे भिलाई वासियों को तथा स्थानीय रहवासियों को भरपूर लाभ मिलेगा। वार्ड क्रमांक 48 जोन क्रमांक 3 में शौचालय निर्माण की स्वीकृति भी एमआईसी ने दी है इसके साथ ही शिवाजी नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर में स्थित मंगल भवन के संचालन/प्रबंधन एवं संधारण के लिए ऑफर दर इच्छुक व्यक्तियों से मंगाए जाएंगे। वार्ड क्रमांक 5 बांबे आवास पीडीएस भवन के सामने की रिक्त भूमि को सुरक्षित करने चैनलिंक फेंसिंग कार्य के लिए महापौर परिषद ने सर्वसम्मति से हरी झंडी दिखाई है। आज की महापौर परिषद की महत्वपूर्ण बैठक में सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर, केशव चौबे, आदित्य सिंह, मीरा बंजारे, रीता सिंह गेरा, लाल चंद वर्मा, चंद्रशेखर गवई एवं मन्नान गफ्फार खान मौजूद रहे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# त्यौहार छोड़ व्यापारियों की समस्या सुनने पहुंचे कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास

भिलाई नगर/ आज धनतेरस के दिन त्यौहार को छोड़कर कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा और निगमायुक्त रोहित व्यास व्यापारियों की समस्याओं को लेकर अकाश गंगा मार्केट क्षेत्र रात्रि में पहुंचे। व्यापारियों ने कलेक्टर को अंडर ब्रिज निर्माण से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया, इस पर कलेक्टर ने कहा कि रेलवे एवं इससे संबंधित अधिकारियों के साथ इसकी विस्तृत समीक्षा कर समाधान का प्रयास करेंगे। व्यापारियों के साथ कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने पूरे मार्केट क्षेत्र का दौरा किया, उत्तर गंगोत्री, दक्षिण गंगोत्री, अकाश गंगा के सभी स्थानों पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने असमाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने कहा कि पुलिसिया विजिटिंग भी मार्केट क्षेत्रों में जरूरी है, अंधेरे जगह एवं खाली स्थानों पर विशेष नजर रखें। कुछ स्थानों पर अमृत मिशन के तहत बिछाए गए पाइपलाइन की पानी सप्लाई को दुरुस्त करने कलेक्टर ने निर्देश दिए। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत कलेक्टर ने शहरवासियों से अपील की थी, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने मिल रहा है व्यापारी संघ ने आज कलेक्टर को बताया कि वह इस थीम के तहत् स्वयं के खर्चे से आकाशगंगा के लिए प्रवेश द्वार का निर्माण करेंगे। निरीक्षण के दौरान व्यापारी संघ एवं व्यापारी गण, रेलवे के अधिकारी, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।



# दफ्तरों के चक्कर काटने की नहीं पड़ी जरूरत

भिलाई नगर/ खुर्सीपार भिलाई निवासी सोनाली विश्वकर्मा को आय प्रमाण पत्र की जरूरत थी। उन्हें मुख्यमंत्री मितान योजना के बारे में जानकारी मिली और बस फिर क्या सोनाली ने मितान योजना के टोल फ्री नंबर 14545 पर संपर्क किया और घर बैठे चंद समय में आय प्रमाण पत्र उन्हें प्राप्त हो गया। इस पर सोनाली के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि घर बैठे ही प्रमाण पत्र मिल जाना और वह भी बिना दफ्तरों के चक्कर काटे यह बड़ी बात है, पहले इन्हीं प्रमाण पत्र के लिए भटकना पड़ता था, परंतु जरूरी प्रमाण पत्र बनाने की राह मितान योजना ने बिल्कुल आसान कर दी है। जिन प्रमाण पत्र के लिए पहले कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे वह अब मितान योजना के जरिए आसानी से मिल रहे है।





**Editorial Board**

श्री रोहित व्यास
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई